कोरोना से मुकाबले के लिए पैटन का कान्टैक्टलेस सेफ वाश स्टेशन

कोलकाता : पैटन ग्रुप ने अपने मूल्यों के एक अनिवार्य हिस्से के तौर पर कोविड-19 से मुकाबले और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कॉन्टैक्टलेस सेफ वाश स्टेशन की शुरुआत की है। ग्रुप का कहना है कि कॉन्टैक्टलेस सेफ वॉश स्टेशन लॉन्च करके कोविड-19 से मुकाबला करने में और आगे आये हैं। इस वैश्विक महामारी की परिस्थिति में हाथ धोने के लिए एक सुरक्षित, कुशल, लागत प्रभावी समाधान की जरूरत को देखते हुए पैटन ने एक सुरक्षा पहल के तौर पर संपर्क रहित सुरक्षित वॉश स्टेशन को डिजाइन, विकसित और उसकी शुरुआत करने का फैसला किया। इस उत्पाद के प्रयोग करने में हाथों की जरूरत नहीं है। यह पैर से संचालित होने वाला कॉम्पैक्ट, मजबूत और टिकाऊ उत्पाद है। इसका उपयोग और रखरखाव भी आसान है। इस बारे में पैटन समूह की प्रेसिडेंट (बिजनेस डेवलपमेंट) **प्रियम बुधिया** ने कहा कि हम पहले से ही एक अस्थिर, अनिश्चित, जटिल, अस्पष्ट दुनिया में रह रहे हैं

और कोविड-19 ने हमें मौजूदा, स्थानीय और वैश्विक स्तर पर प्रभावित किया है। लॉकडाउन के पश्चात की नयी सामान्य परिस्थिति के लिए तैयारी समय की जरूरत थी। इस लड़ाई को जीतने के लिए हाथ धोना महत्वपूर्ण है और हमारा ध्यान एक ऐसा समाधान बनाने पर था, जिसे कई क्षेत्रों और उद्योगों द्वारा आसानी से अपनाया जा सके।

PATTON®